तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026



13 सेजेस अछोली में छात्र परिषद का गठन





14 सरस्वती शिशु मंदिर में पुलिस का जागरूकता अभियान...











# बेलौदी-अरमरीकला मार्ग पर घटिया निर्माण और देरी से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- सूचना बोर्ड नहीं, निर्माण की जानकारी सार्वजनिक नहीं
- पहली बारिश में टूटी नाली, मानकों की अनदेखी के आरोप
- बरसात में सड़क निर्माण बना मुसीबत



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उदासीनता एवं ठेकेदार की मनमानी के चलते बेलौदी से अरमरीकला के मध्य बन रही सड़क ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कार्य में विलंब होने एवं गुणवत्ताहीन निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्ा्रम बेलौदी से गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरमरीकला तक सड़क बनाने की चर्चा है। कार्य स्थल पर कार्य प्रारंभ होने के दो माह बाद भी सूचना बोर्ड नहीं लगा है। इससे कार्य की स्वीकृति, कार्य की ड्राइंग व अन्य कोई जानकारी स्पष्ट नहीं हो पा रही है। विभाग के जिम्मेदार चर्चा करने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत के अनुसार कार्य को भरी बरसात में प्रारंभ किया गया है जबकि विभाग के लोग महीनों पूर्व स्थल पर आकर ग्रामीणों को कार्य प्रारंभ होने की सूचना दे चूके थे। कार्य स्थल में मिले ठेकेदार के लोगों ने बताया कि कार्य आदेश चार माह पूर्व ही मिला है। इसके पहले जो दूसरा ठेकेदार कार्य करने वाला था, वह चला गया। चार माह से कार्य आदेश मिलने के बाद भी विभाग ने पूरी गर्मी निकाल दी, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं कराया। बारिश में कार्य प्रारंभ भी किया तो नाली निर्माण हुआ था जो कि पहली बारिश में ही निर्माण के सप्ताह भर बाद टूट गया। ग्राम बेलौदी में जहां नाली का निर्माण किया जा रहा है वह ग्राम की बारहमासी ⏭ शेष पेज 12 पर

# सनौद पुलिस की कार्रवाई: अवैध शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

थाना सनौद पुलिस की बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 39 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 11.50 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। जिसमे अवैध शराब बिक्री की रकम 500 जब्त, आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को ग्राम अरकार निवासी लोकेन्द्र कुमार कोसरे अपने



घर के सामने अवैध रूप से महुआ शराब एवं देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गवाहों एवं अनुसंधान किट के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां मौजूद कुछ लोग मौके ⏭ शेष पेज 12 पर













## स्काउटिंग के विस्तार, प्रशिक्षण शिविरों और शत-प्रतिशत पंजीयन पर दिया गया जोर

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ की वार्षिक बैठक में नई कार्ययोजना पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद की कार्यकारिणी एवं स्काउटर गाइडर की वार्षिक बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमे वार्षिक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

- राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी में योगदान देने वाले 60 स्काउटर-गाइडर सम्मानित

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद छत्तीसगढ की कार्यकारिणी एवं स्काउटर गाइडर की वार्षिक बैठक विवेकानन्द सभागार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर बालोद में सम्पन्न हुई।

जिसमे बैठक का शुभारंभ स्काउट–गाइड परम्परा अनुसार ईश प्रार्थना से हुई। भारत स्काउट्स गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के वार्षिक कैलेंडर अनुसार इसका आयोजन हुआ, बैठक के मुख्य अतिथि जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव थे एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट दीपक दुबे ने की, साथ ही समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी बालोद उमा ठाकुर, डौंडी लोहारा भूषण साहू, डौंडी प्रवीण चतुर्वेदी, गुरुर ललित चंद्राकर के साथ विशेष सम्मानित अतिथि वाईपी गांगुली एलटी, प्राचार्य सेजेस बालोद अरुण कुमार साहू, वरिष्ठ स्काउट मास्टर डीडी साहू, एएलटी कब मास्टर भोला राम साहू, वरिष्ठ गाइडर कमला वर्मा, एएलटी फ्लॉक लीडर वारुणी दिल्लीवार, जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीटीसी द्वय सीमा साहू, भुवन सिन्हा, डीओसी द्वय नेमसिंह साहू, प्रेमलता चंद्राकर, संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, विकासखंड सचिव मिलन सिन्हा, चंद्रशेखर दिल्लीवार, रूपेंद्र सिन्हा, मनीराम साहू संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे सहित जिले के समस्त स्काउटर एवं गाइडर ने भाग लिया।

पंजीयन संबंधी चर्चा के तहत बैठक में सभी शासकीय अशासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों से शत प्रतिशत विकासखंड, जिला, राज्य अंशदान जमा पर चर्चा, एवं विद्यालयों में स्काउट, गाइड, रोवर–रेंजर का पंजीयन तथा स्काउटर,




गाइडर पंजीयन पर चर्चा हुई। दल संचालन एवं वार्षिक योजना के तहत दल संचालन को प्रभावी बनाने हेतु दिशा–निर्देश दिए गए। सत्र 2026–27 की वार्षिक योजना पर नेमसिंह साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट जिला संगठन आयुक्त गाइड प्रेमलता चंद्राकर के द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। शिविर आयोजन के तहत बेसिक कैंप, एडवांस कैंप, पूर्वाभ्यास, तृतीय सोपान एवं निपुण प्रशिक्षण एवं जांच शिविर, रोवर रेंजर समागम रायगढ़, राज्य स्तरीय कैम्पोरी कोरबा के आयोजन की तिथियों व रूपरेखा पर चर्चा हुई। ओआईएमएस पोर्टल पर सभी इकाइयों के आंकड़ों को समय पर अद्यतन करने एवं नये पंजीकृत छात्रें की अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के निर्देश दिए गए। स्काउटर–गाइडर गतिविधिः आगामी दिनों जिला स्तरीय स्काउटर, गाइडर हाईक के आयोजन पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा यूनिफार्म में नए बैज के परिवर्तन की जानकारी प्रदान की गई। समस्या–समाधानः सभी स्काउटर–गाइडर ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव स्पष्ट रूप से रखे, जिन पर चर्चा कर त्वरित समाधान निकाला गया।

### गाइडर का किया सम्मान

इस अवसर राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में जिला बालोद से जिले के दल के साथ सक्रिय भागीदारी निभाने वाले कुल 60 प्रभारी स्काउटर, गाइडर का सम्मान किया गया। साथ ही विगत कई वर्षोंर् से जिले की स्काउटिंग में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले वरिष्ठ स्काउटर, गाइडर का भी सम्मान किया गया एवं जिला बालोद के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी का भी सम्मान किया गया। जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव जी ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड इकाइयों का गठन कर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी की स्मृतियों को भी उन्होंने साझा किया। सेवा कार्य करने वाले सर्विस रोवर आदर्श, ताम्रध्वज, लक्ष्य, योगेन्द्र, एवं रेंजर माधुरी, लक्ष्मी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। सभी ने स्काउटिंग के विस्तार हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी पांच विकासखंड के सक्रिय स्काउटर गाइडर की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, कार्यक्रम का संचालन केएल गजेंद्र एवं व्यस्थापन नेमसिंह साहू एवं प्रेमलता चंद्राकर ने किया।

## खबर संक्षेप

### वार्ड-4 में बोर खनन

**जामुल।** वार्ड क्रं. 4 शिव मंदिर के पास नगर पालिका अध्यक्ष निधि से 1 लाख 50 हजार रुपये की लागत की बोर खनन कार्य प्रारंभ किया गया। अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने भूमिपूजन करते हुए बताया कि नगर पालिका जामुल में आवश्यकता अनुसार वार्डवासियों के मांग अनुरूप कार्य कराये जा रहे है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरोजनी चंद्राकर पार्षद वार्ड क्रं. 04, राम दुलार साहू पार्षद वार्ड क्रं. 14, हेमन्त देवांगन, विकास यादव, विजय यादव, देवेन्द्र सिंह चैहान, शैलेष सिंह, रिंकु खान, साकेत मजुमदार, राजेश साहू, अतुल सिंह और रामू देवांगन सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता उमेश निष्कासित



**पाटन।** जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग ग्रामीण ने अमलेश्वरडीह तहसील-पाटन के पार्टी कार्यकर्ता उमेश साहू को प्राथमिक सदस्यता और पार्टी के सभी दायित्वों से तत्काल प्रभाव से 06 छः वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर उमेश साहू के खिलाफ गंभीर आरोप पाए गए हैं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

### अमित कैम्प मंडल अध्यक्ष बने



**भिलाई।** भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने कैम्प मंडल अध्यक्ष के रुप में अमित कुमार की नियुक्ति की है। अमित कुमार ने कहा कि पार्टी जिस विश्वास और भरोसा से मुझे जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा। अमित की नियुक्ति पर युवाओं में हर्ष का माहौल है।


### पाटन के प्रगणकों व पर्यवेक्षकों के ईएल आदेश जारी

**पाटन।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन, पाटन के सतत प्रयासों एवं सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप दुर्ग जिले में सबसे पहले पाटन तहसील के प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के अर्जित अवकाश (ईएल) संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। इस निर्णय से प्रगणक एवं पर्यवेक्षक वर्ग में उत्साह एवं संतोष का वातावरण है। शिक्षक फेडरेशन, पाटन ने इस उपलब्धि के लिए पाटन के तहसीलदार श्री ठाकुर एवं तहसील कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। फेडरेशन का कहना है कि प्रशासन द्वारा शिक्षकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए समय पर सकारात्मक निर्णय लिया गया, जिसके लिए पूरा शिक्षक समाज उनका ऋणी रहेगा। फेडरेशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन सदैव शिक्षकों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर फेडरेशन के उपाध्यक्ष हरिशंकर देवांगन एवं खिलेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष शेषनारायण साहू, सलाहकार तोरण साहू तथा सदस्य करुणा पटेल, दरबार साहू, गौतम साहू सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तहसील प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निष्काम भक्ति से ही भगवान की कृपा प्राप्त होती है : स्वामी युगल शरण जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कुर्मी भवन शिकारीपारा बालोंद में चल रहे सत्संग प्रवचन में स्वामी युगल शरण जी महाराज ने श्री जगन्नाथ के स्वरूप का रहस्य एवं वाह्य भक्ति की के बारे में विस्तार से श्रोताओ को बताया।



उन्होने कहा भक्ति स्वयं कृष्ण को अपनी ओर आकर्षित करती है लेकिन आज उल्टी परिस्थितियों देखने को मिलती है, तुलसीदास जी कहते हैं माया को सब जग भजे, माधव भजे ना कोय, तुलसी जो माधव भजे, माया चेरी होय अर्थात संसार के अधिकांश लोग वास्तव में भगवान की नहीं माया की भक्ति करते हैं। वह मंदिर जाकर क्या मांगते हैं व्यापार बढ़ा दो, नौकरी लगवा दो, पुत्र की शादी करवा दो, बहू की पोता, पोती आ जावे, अधिकांश 99.9 प्रतिशत लोग कुछ ना कुछ मंदिर में मांगने जाते हैं अर्थात हम भगवान के सामने भिखारी बनकर खड़े होते हैं, वास्तव में माधव की निष्काम भक्ति जो करता है उसके लिए वही माया भगवान की आज्ञा से उसकी सेविका बन जाती है। भक्ति के आगे पीछे नाचने लगती है। स्वामी जी जगन्नाथ प्रभु के स्वरूप का वर्णन करते हुए आगे कहा एक बार रोहिणी माता वृंदावन की प्रेम लीलाओं का वर्णन सखियों के बीच में कर रही थी, सुभद्रा द्वारपाल के रूप में खड़ी थी। उस समय भक्ति रस की धारा बाहर पहुंचने लगी। कृष्ण, बलराम सभा में बैठे थे। कथा को सुनने सुभद्रा के पास पहुंच गए। श्री रूप गोस्वामी जी उनका वर्णन करते है कि कथा सुनते हुए श्री कृष्ण, बलराम तथा सुभद्रा जी के हृदय में प्रेम के आवेग से शरीर मानो पिघलने लगा। तब उसके प्रमाण स्वरूप अष्ट सात्विक विकार स्तंभ, श्वेद रोमांच, स्वर भेद, वेपयु, वैवनर्न, अश्रु और प्रलय प्रकट हो जाते हैं। यही आठ सात्विक विकार श्री कृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी पर भी प्रकट होने लगे, उनकी आंखें अत्यंत बड़ी हो गई। हाथ पैर प्रेमावेश में शरीर के भीतर सिमट गए। कानों का आकार बदल गया, आंख बड़ी–बड़ी हो गई, वही संपूर्ण स्वरूप आगे चलकर श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और देवी सुभद्रा के रूप में नीनांचल में पूजित होता है। सत्संग का लाभ लेने के लिए अन्य जिलों से सदस्यों का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम मे सुरेंद्र देशमुख, ईश्वर देवांगन, पीएल देशमुख, अशोक कुमार, डोमन सिंह भूआर्य, राजेंद्र साहू, प्रमोद शर्मा, ओंकार मिश्रा, खिलेंद्र नाथ योगी, मनोज दास, अनिल शर्मा, कुसुम साहू, संगीता टुवानी, रजनी टूवानी, पूनम साहू, जगदीश साहू, रतिराम साहू, बीआर बेलसर व बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

- सत्संग में श्री जगन्नाथ स्वरूप का बताया आध्यात्मिक रहस्य, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

## संकुल केन्द्र कलंगपुर में विदाई व स्वागत समारोह का आयोजन, सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

संकुल केन्द्र कलंगपुर के शिक्षकों ने सेवानिवृत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर प्राचार्य टीएस कोल्हे, शासकीय प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री मनोहर लाल साहू, प्रधानपाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कलंगपुर तोरण लाल ठाकुर का विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानांतरण से शासकीय प्राथमिक शाला परसदा चले जाने पर सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्री डिजयपाल साहू को सहसम्मान विदाई दिया गया तथा संकुल केन्द्र कलंगपुर में स्थानांतरण से आने वाले शिक्षक विक्रम सिंह साहू का स्वागत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर.साहू ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य मनोज कुमार टंडन, संकुल समन्वयक महेन्द्र कुमार साहू, पूर्व माध्यमिक शाला कलंगपुर के प्रभारी प्रधानपाठक रानी चौरसिया, शास पूर्व माध्यमिक शाला मुंदेरा के प्रधानपाठक रेखा उईके, शास पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्री के प्रभारी प्रधानपाठक राकेश कुमार साहू सभी प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक



दामोदर प्रसाद साहू, दिनेश कुमार खोबरागढ़े, योगेश कुमार साहू, कमलकिशोर दिल्लीवार, शिशुपाल सिंह उईके, भीखम सिंह धनकर सहित संकुल केन्द्र कलंगपुर के समस्त शिक्षक–शिक्षिकागण उपस्थित रहे। पोसेंद्र कुमार देवांगन ने मंच संचालन बख़ूबी निभाया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त संकुल प्राचार्य टीएस.कोल्हे एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक एमएल.साहू एवं टीएल.ठाकुर के शैक्षिक जीवन के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। संकुल केंद्र कलंगपुर के शिक्षक शिक्षिकाओं ने इन्हें प्रतीक चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भिलाई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपनी स्व. माता पूर्णिमा देवी चंद्राकर की स्मृति में विधानसभा परिसर में बादाम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति अपने संकल्प को सुदृढ़ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ एक पेड़ मां के नाम अभियान आज जन-जन की सहभागिता से एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है।

### पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने किया वृक्षारोपण



पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने अपनी धर्मपत्नी के साथ चिखली स्थित फार्म हाउस में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच स्वरूप साहू, समाजसेवी अंजय ताम्रकार, भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया सदस्य योगेश साहू, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नागेश कौशिक, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, उदित साहू, नंदलाल चौहान, राकेश साहू एवं कौशल साहू उपस्थित रहे। सभी ने पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की तथा पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान की सराहना की। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनों ने भी प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया।



### रानीतराई कॉलेज में याद किए गए दाऊ रामचंद्र

**पाटन।** स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई में स्व. श्री दाऊ रामचंद्र साहू की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई एवं पौधा रोपा गया। प्राचार्य चंदन गोस्वामी ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण अवसर पर डॉ. रेश्मि वासनीकर, भारती गायकवाड़, डॉ. शगुफ्ता सिद्दीकी, अंबिका ठाकुर बर्मन, आराधना देवांगन, रेणुका वर्मा एवं कार्यालय नरेश मेश्राम, माहेश्वरी निषाद, सीमा वर्मा, आशा ठाकुर, रविकंवर किशोर, शेषराम वर्मा और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### खोला-बासिन में बनेगा सामुदायिक भवन

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत खोला/बासिन में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने किया। कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने उपस्थित ग्रामीण समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इस भवन का सभी लोगों के काम के लिए मिल-जुलकर उपयोग करें। उन्होंने ग्राम खोला/ बासिन में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आयोजन में पुष्पलता जांगड़े सरपंच खोला/बासिन, लक्ष्मण कोठारी उपसरपंच, राजकुमार सेन सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर उर्वसी कोशरे, रोजगार सहायक चंद्रशेखर कोशरे और शीतल सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कलश यात्रा, ध्वजारोहण और विकास कार्यों के भूमिपूजन के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

# भक्त माता कर्मा प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्रामीण साहू समाज एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज के तत्वाधान में ग्राम परसदा डंगनिया में भक्त माता कर्मा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व ध्वजारोहण का कार्यक्रम रखा गया था, सर्वप्रथम ग्रामीण महिलाओं ने बाजागाजा के साथ कलश यात्रा कर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। तत्पश्चात कर्मा ध्वज फहराया गया।

जनपद अध्यक्ष पुरषोत्तम लाल चन्द्राकर द्वारा प्रदत्त कर्मा भवन में 2 लाख रूपए के शेड निर्माण व कबीर आश्रम में 1 लाख के किचन शेड का भी भूमिपूजन किया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शामिल जसवंत सिन्हा समाजसेवी व मंडलेश्वर सिन्हा समाज अर्जुन्दा द्वारा ग्रामीण साहू समाज परसदा को भक्त माता कर्मा की प्रतिमा भेंट की। जिसका प्राण प्रतिष्ठा किया गया। कार्यक्रम मे विशेष रूप से पुरुषोत्तम लाल चंद्राकार अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, कांति सोनेश्वरी, कुलदीप साहू अध्यक्ष भाजपा





मंडल ओटेबन्द, तहसील साहू समाज के अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू वीरेंद्र साहू, सरपंच सत्यवती साहू लीलेश्वर साहू, खिलेश निर्मलकर, परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष भीषम साहू, पूर्व अध्यक्ष मोतीराम साहू, सचिव ललित साहू, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष अजीत राम साहू, माया साहू, लोकेश साहू, भावना साहू, समाजसेवी बेलन साव, महेंद्र साहू शिव कुमार साहू कमलेश साहू, वीरेंद्र साहू, पप्पू राजकुमार, तेजराम साहू, नीलांबर साहू, गोपाल साहू, भक्तुराम, अलख राम, पूर्व अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू, तोरण साहू, सचिव लोकेश कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक व ग्रामीणजन शामिल हुए, कार्यक्रम पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया था।

## पेज 11 का शेष

### बेलौदी-अरमरीकला मार्ग...

नाली है। जहां घरों का पानी सालभर निकलता है। घरों से निकलने वाले पानी की वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना ही ठेकेदार के लोग कार्य कर रहे हैं। वैसे में बहते पानी के मध्य नाली का निर्माण किया जाना विवाद का कारण बन रहा है। घरों से निकलने वाले पानी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से कहीं–कहीं पानी सड़कों में बह रहा है जो ग्रामीणों की परेशानी का कारण बन रहा है। नाली निर्माण के दौरान निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाली में जो जाली बांधी जा रही है उसके राड की मौटाई कम है एवं एक फीट से अधिक दूरी पर बांधी जा रही है। वही बेस में रॉड नहीं डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब नाली टूटी थी तब ठेकेदार ने अपनी गलती छुपाने के लिए उस टूटे स्थान से रॉड को तत्काल हटा दिया था। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल में कम आदमी लगाया जा रहा है एवं रूक–रूक कर कार्य हो रहे हैं। धीमी गति से निर्माण से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर रखे रेत, गिट्टी को दिखाते हुए बताया कि मिट्टी युक्त रेत व पावडर युक्त गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। नाली टूटने के बाद अधिकारी आए थे रेत व गिट्टी को देखा था, हमने उसकी जानकारी दी थी लेकिन रेत, गिट्टी को बदला नहीं गया। ठेकेदार द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा के उपाय नहीं किये गये हैं। कुछ स्थलों में पानी जाम हो रहा है जहां बच्चे खेलते हैं, जो कभी भी गंभीर हादसा का कारण बन सकता है। मामले में एस.डी.ओ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग जी.आर.पवार ने कहा मैं अधिकृत नहीं हूं। मैं कोई चर्चा नहीं कर सकता।

### सनौद पुलिस की...

से भाग गए, जबकि आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 39 पौवा सवा शेरा देशी प्लेन शराब कुल 7.020 बल्क लीटर, 06 प्लास्टिक बोतलों में 11.50 बल्क लीटर महुआ शराब तथा शराब बिक्री की रकम 500 बरामद हुई। आरोपी उक्त शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा बरामद शराब, बिक्री की रकम एवं अन्य सामग्री को गवाहों के समक्ष विधिवत जब्त एवं सीलबंद किया गया। ग्राम अरकार थाना सनौद निवासी आरोपी लोकेन्द्र कुमार कोसरे 35 वर्ष के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**खबर संक्षेप**

## विनय साहू ने 19वीं बार किया रक्तदान



**बालोद।** तहसील साहू संघ अर्जुन्दा के संगठन सचिव और युवा नेता विनय कुमार साहू ने 19 वीं बार रक्तदान किया गया। उन्होने कहा रक्तदान करने से किसी दूसरे की जान बचाई जा सकती है, इसलिए सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के लिए वे लगातार रक्तदान करते रहते है।

## जन्मदिन पर किया रक्तदान



**गुरूर।** ग्राम सनौद भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच ग्राम पंचायत अरकार खेमलाल देवागंद ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर ब्लड बैंक धमतरी में जाकर रक्तदान किया। इस दौरान उनके साथ जाकर रक्तदान करने वाले में से अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद स्वयं खेमलाल देवांगन, अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा मंडल सनौद मितेश कुमार साहू, पंच ग्राम पंचायत ओझागहन पूरन साहू इन तीनों ने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर मरीजों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, उप सरपंच ग्राम पंचायत सनौद मुकेश कुमार सोनबेर, होम शंकर साहू उपस्थित थे।

# गायत्री परिवार की ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी में 24 बाल संस्कार शालाएं शुरू करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में संगठन विस्तार, संस्कार निर्माण तथा आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में आगामी शिक्षा सत्र से विकासखंड के 24 स्थानों पर बाल संस्कार शालाओं का संचालन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। वहीं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2026 में लगभग छह हजार विद्यार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के तहत स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 100 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण करने का संकल्प भी लिया गया।

गोष्ठी में गुरु पूर्णिमा पर्व से प्रारंभ होने वाले 40 दिवसीय साधना अनुष्ठान के लिए 17 साधकों ने सहमति व्यक्त की। साथ ही 29 जुलाई, बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सामूहिक जप साधना एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त सितंबर 2026 में परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सामूहिक साधना एवं दीप महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा।

**6 हजार विद्यार्थियों को संस्कृति ज्ञान परीक्षा से जोड़ने का लक्ष्य, गुरु पूर्णिमा पर होगा पंचकुंडीय महायज्ञ**



### गायत्री परिवार का उद्देश्य समाज में संस्कार सेवा और जागरूकता का विस्तार करना

*बैठक में ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि गायत्री परिवार का उद्देश्य समाज में संस्कार, सेवा और जागरूकता का विस्तार करना है। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गोवर्धन उर्वशा, सचिव मिलन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में परिजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोष्ठी में आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां भी विभिन्न कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं।*

## विद्यार्थियों ने ली निष्ठा व अनुशासन की शपथ

# सेजेस अछोली में छात्र परिषद का गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अछोली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व और सेवा भावना के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच उनिता भंडारी सहित रोशन लाल साहू, शिव कुमार साहू एवं मनोज भंडारी ने नवगठित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अतिथियों ने विद्यार्थियों से अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन के साथ निर्वहन करते हुए विद्यालय की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।विद्यालय के प्राचार्य आर.एल. तारम ने कहा कि छात्र परिषद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निष्पक्ष एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शाला नायक खेमलाल, उप शाला नायक गूंजा यादव, छात्रा प्रतिनिधि विशाखा ठाकुर, क्रीड़ा सचिव पंकज, अनुशासन सचिव वणिका, विज्ञान सचिव दीप्ति, बागवानी सचिव चांदनी सार्वा, स्वच्छता सचिव लेमिका तथा सांस्कृतिक सचिव मीनाक्षी देवांगन सहित सभी कक्षा नायकों को पदभार ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### अरजपुरी स्कूल में छात्रसंघ चुनाव संपन्न, पुष्पेंद्र बने शाला नायक

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी में शुक्रवार को छात्रसंघ चुनाव लोकतांत्रिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान कर विभिन्न पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के मूल्यों से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का कार्य किया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कक्षा 12वीं के पुष्पेंद्र पांडे को शाला नायक तथा कक्षा 11वीं की भावना को उपशाला नायक निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार हिना छात्र प्रतिनिधि, लालिमा अनुशासन सचिव, निधि स्वास्थ्य सचिव, कृतिका सांस्कृतिक सचिव, धर्मेंद्र कुमार विजन सचिव, मुस्कान स्वच्छता सचिव, अनिल कुमार खेल सचिव तथा लक्ष्मी को बागवानी सचिव चुना गया। विद्यालय के प्राचार्य एन.एल. पिकेश्वर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रसंघ केवल नेतृत्व का मंच नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को नई दिशा देंगे तथा विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों से लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए अनुशासन एवं सहभागिता की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। चुनाव प्रक्रिया शिक्षकों के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था और चुनाव परिणाम घोषित होने पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का साथियों ने तालियों के साथ स्वागत किया।



# सनराइस पब्लिक स्कूल में किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

पर्यावरण को हरा-भरा बनाने और बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सनराईस पब्लिक स्कूल अंडा में शनिवार को विशेष पौधरोपण कार्यक्रम ( ग्रीन डे)आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में नीम, गुलाब, आम और गुलमोहर व लगाए। व विभिन्न पौधे बच्चों द्वारा घर से लाया गया. प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने गड्ढे खोदकर पौधे रोपे और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। व पर्यावरण से संबधित छोटे जगरुकता नाटक भी बच्चों ले लिए प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के प्राचार्य जितेंद्र साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ ही जीवन के आधार हैं। ग्रीन डे केवल एक दिन का आयोजन नही अपितु हम सबकी सामाजिक जिम्मेदारी हैं, ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण की समस्या से बचने के लिए हर व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। बच्चों से अपील की गई कि वे आज लगाए गए पौधों को अपने बच्चों की तरह पाले और बड़ा करें। पौधरोपण के बाद सभी बच्चों ने एक विधार्थी, एक पेड़ का नारा लगाते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने की शपथ ली। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि बच्चों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, पालक गण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# देवसरा में श्रद्धा के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/निकुम

- सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में महाआरती व प्रसादी वितरण, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे, युगल किशोर वैष्णव, आदित्य दुबे, लोकेश दुबे एवं जिला प्रभारी जागेश्वर दास वैष्णव, दुर्गा प्रसाद तिवारी व समस्त ग्रामवासी देवसरा के तत्वाधान में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन ग्राम देवसरा मे आयोजित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर प्रांगण के धर्म स्थल पर भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्र निकाला गया।



जिसमें सभी समस्त ग्रामवासी भगवान जगन्नाथ रथयात्र में भारी संख्या में उपस्थित रहे ग्राम देवसरा के सत्यम शिवम् सुंदरम श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर प्रांगण में बड़ी धूमधाम से मनाया गया तथा गौर हो कि हड्डी रोग इलाज के लिए आने वाले इस सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर में दर्शन कर स्वस्थ कामना करते है एवं इस मंदिर मे सब के इच्छा पुर्ण होते हैं सब के मनोकामना पूरा होता है। इस सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में नश हाथ पैर अचल, हड्डियों से संबंधित हनुमान जी की कृपा से अर्जी से सब ठीक–ठाक हो जाता है। वही अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला अध्यक्ष भोला दास वैष्णव के द्वारा ने बताया कि महाप्रभु जगन्नाथ की आरती कर प्रसादी जानकारी दिया गया। जिसमें सभी समस्त ग्रामवासी उपस्थित बिरेंद्र कुमार साहू, बैद्यराज तोरण लाल साहू, पदुमलाल साहू, केशव दास वैष्णव, रूपचन्द्र बारले, होलकर साहू, पंचु राम यादव, पेश कुमार साहू, आषिश कुमार साहू, तिरभुवन देशलहरे, पुरूषोत्तम देशलहरे, टिलेश कुमार, धीरज कुमार, निर्मोही, फागेश दास, वैष्णव मणी बाई वैष्णव, चंद्रलता, उर्वशी बाई साहू, सुरेखा बाई वैष्णव, नंदनी साहू, रेखा बाई बोरकर, लता, भूनी बाई वैष्णव, कुमारी झामित साहू उपस्थित थे।

# भरर स्कूल में सजावट प्रतियोगिता का आयोजन



**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में कक्षा सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ भारती ने कला सिखने का अवसर शनिवार को विधार्थियो को दिया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा सजावट के लिए विभिन्न पोट्रेट पेंटिंग, स्लोगन, ब्लैक बोर्ड की सजावट पूरी जिम्मेदारी के साथ विद्यार्थियों द्वारा किया गया। बच्चो ने प्राचार्य की ममता भरी भावना का सम्मान करते हुए अपनी कला का भरपूर प्रदर्शन किए। प्राचार्य डॉ भारती ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सवांगीण विकास का प्लेटफार्म होता है। जीवन के हर पहलू को समझने का सुंदर अवसर विद्यार्थी जीवन में गुरुजनों और माता पिता के सानिध्य में मिलता है, जो जीवन में कामयाबी का इतिहास लिखने में मददगार साबित होता है। प्राचार्य ने कक्षा में सजावट की तारीफ करते हुए कहा यह प्रतियोगिता बच्चों में अपने कक्षा एवं विद्यालय के प्रति अपनापन दर्शाता है। उन्होंने कहा की सभी छात्रें में अद्भुत कला व टैलेंट है, बस उसको अवसर की तलाश रहती है, थोड़ा से प्रोत्साहित करने पर वह कला निखर कर सामने आती है। छात्रें के साथ शिक्षकों की सहभागिता भी रही, जिसके लिए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल



**डौंडीलोहारा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मंगचुवा में शनिवार को राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बाद में प्रवेश लेने वाली पात्र आठ छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेंद्र तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रोहित ढालेंद्र ने की। मुख्य अतिथि उत्तरा घरेंद्र ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की यह योजना बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने छात्राओं से साइकिल का सदुपयोग करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रोहित ढालेंद्र ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरस्वती साइकिल योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की राह को भी सरल बनाती हैं। संस्था प्रमुख आई.आर. बागमरिया ने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि प्रत्येक छात्र-छात्रा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाए। उन्होंने सभी छात्राओं से मन लगाकर अध्ययन करने और विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। साइकिल वितरण की पूरी प्रक्रिया साइकिल प्रभारी विकास कुमार यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने शासन एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नियमित अध्ययन का संकल्प लिया।



# सरस्वती शिशु मंदिर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

**बालोद/कलंकपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष अधिवक्ता दिलीप कुल्हारे, उपाध्यक्ष सुधीर साहू, सदस्य वीरेंद्र कुंवर, कमलेश्वर यादव, डोंगरमल जैन उपस्थित थे। सदस्य शाला विकास समिति, प्रभारी प्रधानाचार्य ओम प्रकाश साहू, वरिष्ठ आचार्य ठाकुर, राम निर्मल, समस्त दीदी गण, शिक्षक–शिक्षिकाएँ, कार्यालयीन अतिथि एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

अध्यक्ष दिलीप कुल्हारे ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं आवश्यकताओं से संबंधित अपने संबोधन में विद्यार्थियों से अनुशासन, गुरुजनों के सम्मान एवं कठिन परिश्रम के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। प्रत्येक व्यक्ति की कार्यशैली अलग होती है, लेकिन सफलता उसी को मिलती है जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।

**ये रहे उपस्थित** कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा पहली से छठवीं एवं आठवीं के नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया।

कार्यक्रम का समापन राज्यगीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ हुआ। अंत में आचार्य ओम प्रकाश साहू ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परमिला दीदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याताओं, शिक्षकों, अतिथियों एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अनीस रज़ा बने सीरत पाक कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष

**दुर्ग।** जामा मस्जिद इंतेज़ामिया कमेटी ने शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं धार्मिक संस्था सीरत पाक कमेटी, दुर्ग शहर का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सैय्यद अनीस रज़ा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद इंतेज़ामिया कमेटी के सदर रिजवान खान एंव सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने सैय्यद अनीस रज़ा को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। अनीस रजा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी अमानत है।

### बैठक 22 जुलाई को

**दुर्ग ।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 22 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महिला एवं बाल विकास और खाद्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

विद्यार्थियों को साइबर ठगी, महिला सुरक्षा, यातायात नियम एवं डायल-112 के प्रति किया जागरूक

# सरस्वती शिशु मंदिर में पुलिस का जागरूकता अभियान साइबर सुरक्षा और नए कानूनों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद






बालोद पुलिस द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। नवीन आपराधिक कानून बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए की विस्तृत जानकारी दी गई तथा साइबर ठगी से बचाव, 1930 हेल्पलाइन एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार पर जागरूक किया गया। यातायात नियमों के पालन एवं नशामुक्ति का संदेश दिया गया। महिला सेल द्वारा गुड टच–बैड टच की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। आपात स्थिति में 112 डायल करने की जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, नशामुक्ति, महिला सुरक्षा एवं नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान साइबर प्रभारी एएसआई धरम भूआर्य द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इन नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी, तकनीक–सक्षम एवं समयबद्ध बनाना है। साथ ही विद्यार्थियों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया।

साइबर प्रभारी एवं प्रधान आरक्षक रुमलाल चुरेंद्र द्वारा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों जैसे फर्जी कॉल, फर्जी लिंक, एपीके फाइल, डिजिटल अरेस्ट, क्यूआर कोड, ओटीपी धोखाधड़ी आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग जानकारी, पासवर्ड एवं ओटीपी किसी से साझा नहीं करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने एवं साइबर अपराध पोर्टल में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। साथ ही आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता हेतु डायल 112 सेवा की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

यातायात शाखा से आरक्षक चेतन सोनकर द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने तथा नशे की स्थिति में वाहन न चलाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि छोटी–छोटी सावधानियां अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

महिला सेल की टीम द्वारा छात्र–छात्रओं को गुड टच–बैड टच के संबंध में सरल एवं समझने योग्य तरीके से जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया गया। बालोद पुलिस द्वारा जनहित में इस प्रकार के जागरूकता अभियान जिलेभर में निरंतर संचालित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को कानून, साइबर सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

**ये रहे उपस्थित** जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पार्षद दीपक लोढ़ा, साइबर सेल से आरक्षक मिथलेश यादव, पुरण देवांगन, रविकांत गंधर्व, महिला सेल से द्रोपती साहू, मीरा मंडावी तथा विद्यालय के शिक्षकगण भूनेश्वरी सोनकर, शारदा यादव, देवधर साहू, धर्मेन्द्र गुरूपंच, चन्दुलाल पटेल, रीना कुरेटी, रुपमति साहू, कांती देवांगन, किरण विनायक, दिव्या धुर्वे, भूमिजा पटेल, चितेश्वरी, छविकांत चन्द्राकर, युवराज कुमार, लक्ष्मीदेवी यदुवंशी, दीपिका देशमुख सहित शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

# धान खरीदी अनियमितता के विरोध में 20 को किसानों का धरना, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



- तीन वर्षों से गड़बड़ियों का आरोप, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उठेगी मांग

सेवा सहकारी समिति निकुम में पिछले तीन वर्षों से धान खरीदी में कथित अनियमितताओं और गड़बड़ियों को लेकर किसानों में लगातार नाराजगी बनी हुई है। इसी के विरोध में क्षेत्र के किसान 20 जुलाई को निकुम में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर किसानों के समर्थन में शामिल होंगे। किसानों का आरोप है कि धान खरीदी प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों पर रोक लगाने की मांग की है।धरना-प्रदर्शन को लेकर किसानों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, अध्यक्ष नंदकुमार साहू, मंत्री राजकुमार साहू, उत्तम धनकर, पिताम्बर यादव, रोमनाथ निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने क्षेत्र के सभी प्रभावित किसानों से 20 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# धर्मेंद्र कुमार श्रवण को मिला स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकास खंड डौंडी के वनांचल सेजेस शाला खलारी के राज्यपाल पुरस्कृत धर्मेंद्र कुमार श्रवण व्याख्याता को उनके उत्कृष्ट शिक्षकीय व उल्लेखनीय कार्य हेतु स्वर्गीय हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से कार्यक्रम के मुख्यातिथि हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के हाथों प्रदान किया गया । लोकप्रिय संस्था राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-26 का भव्य आयोजन शांति नगर स्थित विमतारा भवन में हुआ था। जिसमे देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. पूर्णानंद मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षा अंजोर भारत एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में विराजमान एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका शिक्षाविद् डॉ. प्रज्ञा सिंह की उपस्थिति में सभी उत्कृष्ट बहुआयामी व विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत शिक्षकों को आई कार्ड, काली हल्दी का पौधा, प्रशस्ति प्रत्र एवं आकर्षक प्रतीक चिन्ह मोमेंटो के साथ पुरस्कार प्रदान किया गया । श्रवण के हरिवंश राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने पर संस्था के प्राचार्य जॉनसन जी, शिल्पा प्रमोद मैम,वरिष्ठ व्याख्याता के सी वर्मा, जी. एस. कोर्राम, भीखम रावटे, मनमोहन धाकड़, जागेंद्र अमरिया एवं अन्य शिक्षकवृंदो बधाइयां संप्रेषित कर हर्ष व्याप्त है ।

